कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001

फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 1094 /XXV–12 /2008 (P–3) देहरादून : दिनांक 04 अक्टूबर, 2016

सेवा में,

Mr. Basanth G,
#L-66, 1st Floor, 9th main Sector 11,
LIC Colony, Jeevanbhima Nagar,
Bangalor- 560075

**विषयः–** **सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत चाही गयी सूचना के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके सूचना के अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित आवेदन पत्र दिनांक 06 सितम्बर, 2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम सें आपके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत वांछित सूचना निम्न प्रकार प्रेषित की जा रही हैः–

| क्र0 सं0 | मांगी सूचना का विवरण | उपलब्ध सूचना |
|---|---|---|
| 1 | http://ceo.uk.gov.in /pages/view/27 -uttarakhand-state-electoral-rolls-(in-pdf-format)For accessing Electoral Rolls List. | Yes |
| 2 | Contact Details (Phone Numbers, EmailID) of the Concerned official | Mr. Manish Jugran, Sr. SSA,<br>Mob. No. 9837552839<br>E-mail ID- manish.jugran@nic.in |

यदि आप उपरोक्त उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं से सन्तुष्ट न हों तो विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख निम्न पते पर अपील प्रस्तुत कर सकते हैंः–

**विभागीय अपीलीय अधिकारी एवं**
**अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड,**
**04–सुभाष रोड़,सचिवालय परिसर, देहरादून।**

कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

D:\RTI\other department reg\officepad\Page 298 of 298

**The Right to Information Act 2005**
**Application for obtaining information**

**From**
Basanth G
#L-66,
1st Floor,
9th Main,
Sector 11,
LIC Colony,
JeevanBhima Nagar,
BANGALORE
Pincode: 560075
Phone: 9663682242

**To**
The State Public Information Officer
O/o. Chief Electoral Officer
Govt. Of Uttarakhand
No. 4, Subhash Road,
North Block,
State Secretariat,
Dehradun - 248001.
Uttarkhand.
PH: 0135 - 2713551.

**SUB : The procedure for registering a complaint regarding technical errors**

Dear Public Information Officer:

Under the Right to Information Act 2005,Section 6, I need some information. The details of the information are as follows

**1. Details of the applicant**

Name : Basanth G
Email : basanth@onlinerti.com
Phone : 9663682242
Address : #L-66,
1st Floor,

## 6. Declaration

I declare that I am a citizen of India/PIO or OCI Card Holder.

Yours faithfully,

Bajanth

Tuesday, September 6th 2016

कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 1091 /XXV–12 (1–5)/2008 देहरादून : दिनांक 04 अक्टूबर, 2016

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग,
लाडपुर रिंग रोड़,
मसूरी बाईपास, देहरादून।

विषयः– **सूचना के अधिकार के अन्तर्गत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्रों का हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री पूरन लाल, निवासी ग्राम बखपुर पो0 सूर्यनगर, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंहनगर के सूचना के अधिकार संबंधी प्रार्थना पत्र दिनांक 21 सितम्बर, 2016 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अर्न्तगत बिन्दु संख्या– 06 पर सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अर्न्तगत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

**पृ0संख्या 1091 /XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।**
प्रतिलिपिः– श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री पूरन लाल, निवासी ग्राम बखपुर पो0 सूर्यनगर, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंहनगर को सूचनार्थ प्रेषित।

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

सेवा में,

श्रीमान् लोक सूचना अधिकारी/राज्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड सरकार देहरादून।

**<u>विषयः– सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना चाहने बावत्।</u>**

महोदय,

प्रार्थी को सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत निम्नलिखित सूचना उपलब्ध करानेकी कृपा करें।

सूचना चाहने बावत् रू0 10/–रूपये का पोस्टल आर्डर संख्या–37F 679330 दिनांक 05.09.2016, कलैक्टर–रूद्रपुर संलग्न है।

1. यह कि पंचस्थानि पंचायती निर्वाचन हेतु वर्ष 2008 मे जारी किये गये अनुसूचित जाति के उम्मीदवार द्वारा चुनाव हेतु किये गये जाति प्रमाण पत्र की अवधि कितनी है जो कि मात्र निवार्चन हेतु जारी किया गया है और कितने निर्वाचन मे प्रत्याशी द्वारा उसका उपयोग किया जा सकता है, प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध करवायें।
2. यह कि निर्वाचन हेतु जारी किये गये जाति प्रमाण पत्र को अगले 05 वर्ष बाद होने वाले चुनाव हेतु प्रयोंग मे लाया जा सकता है, इसकी जानकारी भी उपलब्ध करवायें।

दिनांक– 21.09.2016

प्रार्थी

महेन्द्र सिंह

महेन्द्र सिंह पुत्र श्री पूरन लाल
निवासी ग्राम बखपुर पो0 सूर्यनगर तहसील
किच्छा जिला उधम सिंह नगर।

# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
## 4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001

फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724


संख्या 1090/XXV–12 /2008 (P–4) देहरादून : दिनांक 04 अक्टूबर, 2016

सेवा में,

श्री श्री मुजीब नैथानी,
लैन्सडौन भवन, देवी मन्दिर, देवी रोड़,
ग्राम सिताबपुर, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

विषयः– **सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत चाही गयी सूचना के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक विधान सभा सचिवालय उत्तराखण्ड के पत्र संख्या 585 दिनांक 23 सितम्बर, 2016 के साथ संलग्न आपके सूचना अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित आवेदन पत्र दिनांक 19 सितम्बर, 2016 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम सें सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचनायें उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त आवेदन पत्र के माध्यम से वांछित बिन्दु संख्या– 14 एवं बिन्दु संख्या–15 मे चाही गयी सूचना के क्रम में अवगत कराना है कि परिसीमन अधिनियम, 2002 एवं वर्ष 2006 में हुये परिसीमन की प्रति संलग्न प्रेषित है।

यदि आप उपरोक्त उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं से सन्तुष्ट न हों तो विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख निम्न पते पर अपील प्रस्तुत कर सकते हैंः–

**विभागीय अपीलीय अधिकारी एवं**
**अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
**उत्तराखण्ड, 04–सुभाष रोड़,**
**सचिवालय परिसर, देहरादून।**

कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्सू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

पंजीकृत

सूचना का अधिकार

# विधान सभा सचिवालय

## उत्तराखण्ड

(सूचना का अधिकार)

संख्या:585 / वि0स0 / 73 / सू0 का अधि0 / 2016

देहरादून, दिनांक : 23 सितम्बर, 2016

| | | | |
|---|---|---|---|
| **लोक सूचना अधिकारी ,** | **लोक सूचना अधिकारी,** | **लोक सूचना अधिकारी,** | **लोक सूचना अधिकारी,** |
| **वित्त विभाग,** | **,राजस्व विभाग,** | **राज्य सम्पत्ति विभाग,** | **मुख्य निर्वाचन अधिकारी,** |
| **उत्तराखण्ड शासन।** | **उत्तराखण्ड शासन।** | **उत्तराखण्ड शासन।** | **उत्तराखण्ड शासन।** |

श्री मुजीब नैथानी, लैन्सडोन भवन, देवी मन्दिर, देवी रोड, ग्राम सिताबपुर, कोटद्वार, जिला गढ़वाल, उत्तराखण्ड का सूचना आवेदन पत्र दिनांक 19.09.2016 जो इस सचिवालय में दिनांक 20.09.2016 को प्राप्त हुआ है, को आपको सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) की व्यवस्थानुसार इस आशय से अन्तरित किया जा रहा है कि आवेदक द्वारा मांगी गयी बिन्दु संख्या 04(आंशिक), 05(आंशिक) वित्त विभाग, बिन्दु संख्या 06 एवं 07 राजस्व विभाग, बिन्दु संख्या 08(आंशिक) राज्य सम्पत्ति विभाग बिन्दु संख्या 13, 14 एवं 15 मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड शासन से सम्बन्धित प्रतीत होती है।

कृपया अनुरोधकर्ता को वांछित सूचना अपने स्तर से नियमानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: **उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

23/9/16

**(मुकेश सिंघल)**

वरिष्ठ शोध एवं सन्दर्भ अधिकारी / लोक सूचना अधिकारी।

संख्या: / वि0स0 / 73 / सू0 का अधि0 / 2016 तद्दिनांक।,

प्रतिलिपि:

1. श्री मुजीब नैथानी, लैन्सडोन भवन, देवी मन्दिर, देवी रोड, ग्राम सिताबपुर, कोटद्वार, जिला गढ़वाल, उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित की बिन्दु संख्या 04(आंशिक), 05(आंशिक), 06, 07, 08(आंशिक), 13, 14 एवं 15 की सूचना इस कार्यालय में धारित नहीं है। सूचना लोक सूचना अधिकारी, वित्त विभाग, राजस्व विभाग, राज्य सम्पत्ति विभाग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड शासन से सम्बन्धित प्रतीत होती है। तद्नुसार आपका सूचना का अनुरोध पत्र अधिनियम की धारा 6(3) के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार अन्तरित कर दिया गया है। शेष सूचना के संकलन हेतु आपका अनुरोध पत्र विधान सभा के संबंधित अनुभागों को प्रेषित कर दिया गया है। जहां से सूचना प्राप्त होने पर आपको नियमानुसार सूचना उपलब्ध करा दी जोयगी।

उपरोक्त संबंधित लोक सूचना अधिकारी से यदि आपको सूचना प्राप्त नहीं होती है, अथवा उनके द्वारा दी गई सूचना से सन्तुष्ट न हों, तो कृपया संबंधित कार्यालय के विभागीय अपीलीय अधिकारी के समक्ष प्रथम अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

**(मुकेश सिंघल)**

वरिष्ठ शोध एवं सन्दर्भ अधिकारी / लोक सूचना अधिकारी।

सेवा में,
लोक सूचना अधिकारी
विधानसभा उत्तराखण्ड
देहरादून, उत्तराखण्ड

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना चाहने हेतु।

महोदय,

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थी को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत निम्न सूचनाओं की आवश्यकता है:

1. गैरसैंण में विधानसभा भवन निर्माण की वैधानिक स्वीकृति व वित्तीय स्वीकृति की प्रमाणित सूचना।
2. गैरसैंण में विधानसभा भवन निर्माण हेतु प्रकाशित/निकाली गई निविदा की प्रमाणित सूचना।
3. यदि बिन्दु संख्या दो (2) में मांगी गई सूचना उपलब्ध नहीं है तो जिस किसी विधि विधान से उपरोक्त निर्माण कार्य जिस किसी को प्रदत्त किया गया उक्त की प्रमाणित सूचना।
4. 12वें (बारहवें) एवं 13वें (तेरहवें) वित्त आयोग में राजधानी या उससे संबंधित निर्माण कार्य के लिए आये पैसे/रूपयों की समस्त सूचना मय व्यय एवं लौप्स हुए पैसे/रूपयों की प्रमाणित सूचना सहित।
5. यदि व्यय बिन्दु संख्या चार (4) में वर्णित के अनुसार नहीं हुआ है, तो अस्थाई व स्थाई राजधानी व राजधानी से संबंधित निर्माण कार्यों के लिए जिस मद से व्यय किया गया है उक्त की संपूर्ण प्रमाणित सूचना।
6. देहरादून में वर्तमान में जिस विभाग की भूमि पर विधानसभा भवन स्थित है, उक्त की सूचना एवं उक्त विभाग से जिस किसी प्रपत्र/अनुबन्ध के तहत विधानसभा भवन उक्त स्थल से संचालित किया जा रहा है, उक्त की प्रमाणित सूचना।
7. उक्त अध्यादेश/शासनादेश/प्रपत्र की प्रमाणित सूचना जिसके तहत विधानसभा भवन का संचालन देहरादून से किया जा रहा है।

क्रमशः

8. देहरादून स्थित विधानसभा भवन में राज्य निर्माण के बाद अतिथि तक जितना भी व्यय ~~निर्म~~ विधानसभा में निर्माण/मरम्मत के कार्यों के लिए हुआ है, उक्त की मय वित्तीय स्वीकृतियों के समस्त स्वीकृतियों की वर्षवार प्रमाणित सूचना, जिसके तहत वैधानिक रूप से विधानसभा भवन देहरादून में निर्माण कार्य या मरम्मत आदि हुई है।

9. राज्य निर्माण से अतिथि तक विधानसभा में कुल नीतित हुए या सृजित हुए पदों की सूचना, एवं उक्त पदों पर हुई नियुक्तियों के संबंध में जारी/प्रकाशित हुए विज्ञापनों की सूचना

10. यदि विधानसभा में राज्य निर्माण के बाद से अतिथि तक सृजित हुए पदों ~~प~~पर राज्य में प्रचलित नियमावली के तहत नियुक्तियाँ प्रदान नहीं की गई हैं, तो जिस किसी वैधानिक प्रक्रिया के तहत उक्त नियुक्तियाँ की गई हैं, उस वैधानिक प्रक्रिया की संपूर्ण प्रमाणित सूचना।

11. गैरसैंण में बन रहे विधानसभा भवन, विधायक निवास आदि पर अब तक हो चुके कार्य एवं उक्त के अनुसार भुगतान की प्रमाणित सूचना।

12. "स्थाई निवास" के संबंध में विधानसभा, उत्तराखण्ड द्वारा पास किये गये किसी भी प्रकार के विधेयक की सूचना।

13. वर्तमान विधानसभा में पूर्व विधानसभा के सीटों के विपरीत/परिवर्तित हुई विधानसभाओं की प्रमाणित सूचना, जिस आदेश के तहत उक्त विधानसभाओं में परिसीमन हुआ, उक्त की प्रमाणित सूचना।

14. वर्तमान विधानसभा में विधायकों के क्षेत्रों में हुआ परिवर्तन यदि "एडजस्टमेंट ऑफ सीट्स" था तो उक्त की सूचना यदि उक्त परिसीमन नियमावली के तहत परिसीमन था तो उक्त की सूचना।

15. विधानसभा सत्र जो 2002 से शुरु हुआ था, उक्त सत्र में 70 सीटें नये परिसीमन से तय हुई थी, फिर ~~20~~ वर्तमान विधानसभा में दुबारा क्षेत्रफल में परिवर्तन/



क्रमशः

विधानसभाओं का परिसीमन जिस किसी विधि विधान से हुआ उक्त की प्रमाणित सूचना।

16. उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में यदि विधानसभा से कोई प्रस्ताव पास किया गया है, तो उक्त की सूचना।

17. विधानसभा उत्तराखण्ड में रिक्त पदों की नियुक्तियों के लिए बनाई गई नियमावली की सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

18. अगर विधानसभा में ~~नियु~~ रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ नियमावली के अनुरूप नहीं की गई है, या रिक्त पदों पर नियुक्तियों के लिए नियमावली गठित नहीं की गई है, तो जिस किसी प्रपत्र / शासनादेश / विभागीय आदेश / सूचना / अधिसूचना के आधार पर उक्त नियुक्तियां की गई हैं, उक्त की सूचना।

अतः महोदय से निवेदन है कि उपरोक्त सूचनायें प्रार्थी को उपलब्ध कराने का कष्ट करने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

प्रार्थी

मुजीब नैथानी
लैन्सडौन भवन
देवी मन्दिर, देवी रोड
ग्राम सिताबपुर, कोटद्वार
जिला गढ़वाल, उत्तराखण्ड

दिनांक: 19/09/2016

संलग्न: सूचना शुल्क के रूप में दस रुपये का पोस्टल आर्डर संख्या: 17F 602797

कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 1093/XXV–12 (1–5)/2008 देहरादून : दिनांक 04 अक्टूबर, 2016

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
जिला निर्वाचन कार्यालय,
हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

**विषयः–** **सूचना के अधिकार के अर्न्तगत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्रों का हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक श्री अरविन्द कुमार, ग्राम व पो0 भखइमपुर त0 रूड़की, जिला हरिद्वार के सूचना के अधिकार संबंधी प्रार्थना पत्र दिनांक 31 अगस्त, 2016 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अर्न्तगत सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अर्न्तगत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

**पृ0संख्या 1093 /XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।**
प्रतिलिपिः– श्री अरविन्द कुमार, ग्राम व पो0 भखइमपुर त0 रूड़की, जिला हरिद्वार को सूचनार्थ प्रेषित।

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

## सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

# लोक सूचना अधिकारी के समक्ष सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा (6) (1) के अर्न्तगत आवेदन

1. आवेदक का पूरा नाम ....अरविन्द कुमार....
2. पूरा पता/ई-मेल/फैक्स जिस पर जानकारी प्रेषित की जानी है....ग्रा० पो० भरवड़मपुर त० रुड़की हरिद्वार
3. दूरभाष क्रमांक/मोबाईल नम्बर....9719 840565....
4. आवेदन देने का दिनांक....31-8-2016....
5. कार्यालय का नाम....मुख्य निर्वाचन अधिकारी देहरादून / लोक सूचना अधिकारी देहरादून....
6. चाही गई जानकारी का विवरण : मूलत : आवेदन संलग्न है (अलग से सादे कागज पर चाही गई जानकारी का विवरण लिखकर इस आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत कर दें )
7. क्या चाहते है नकल/निरीक्षण/रिकार्ड का निरीक्षण/रिकार्ड की प्रमाणित प्रति/प्रमाणित नमूना
   ....प्रमाणित प्रति....
8. आवेदन के साथ अदा किया जाने वाला प्रोसेस फी-रूड़की 10/- नगद/-स्टाम्प (बी पी एल सूची के सदस्य को देय नही) रसीद क्र. एवं दिनांक........................
9. क्या आवेदक गरीबी की रेखा से नीचे है अथवा नहीं-हां/नही यदि हां तो वी. पी. एल. सूची का अनुक्रमांक....29732

अरविन्द कुमार
हस्ताक्षर (आवेदनकर्त्ता)

टीप - यदि आवेदक द्वारा डाक से आवेदन प्रेषित किया जाता है तो आवेदन पत्र पर रूपये 10 का स्टाम्प चस्पा करते हुए रजिस्टर्ड/यू.पी.सी./डाक व्यय सहित स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा साथ में संलग्न करें। (बी.पी.एल. सूची के सदस्य को डाक व्यय देय नही)

---

## पावती

1. आवेदन प्राप्त होने का दिनांक
2. आवेदनकर्त्ता को वांछित जानकारी प्राप्त करने के संबंध में अग्रिम कार्यवाही हेतू उपस्थित होने का दिनांक
3. संबन्धित शाखा/अधिकारी जहां से जानकारी उपलब्ध होगी।

**प्राप्तकर्त्ता के हस्ताक्षर**

(लोक सेवा अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्राधिकृत) पदनाम (रबर सील)

सेवा में

श्री मान प्रमुख सचिव एवं
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड, देहरादून

विषय - विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2012 - श्री हरीदास पुत्र स्व. शोभाराम बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के सम्बन्ध मे -

महोदय -

निवेदन यह कि पत्रांक 428 /25-14 (वि०सा० नि०) 2013-14 के पत्र संख्या के सम्बन्ध मे आज तक क्या कार्यवाही हुई है,

अतः श्री मान जी से निवेदन है सूचना देने का कष्ट करे आपकी अति कृपा होगी

अरविन्द कुमार
प्रार्थी

दिनांक - 31-8-16

अरविन्द कुमार S/o यशपाल सिंह
ग्रा० पो० सरवडमपुर त० रुड़की
हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पंजीकृत

प्रेषक,

जिला निर्वाचन अधिकारी,
हरिद्वार।

सेवा में,

प्रमुख सचिव एवं
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांकः– 428/25–14 (वि0स0निर्वा0)/2013–14 दिनांक 11 नवम्बर, 2013

विषयः– **विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2012–श्री हरीदास पुत्र स्व0 शोभाराम बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी का नामांकन के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषय के कम में अवगत कराना है कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2012 हेतु श्री हरिदास पुत्र स्व0 शोभाराम के द्वारा बहुजन समाज पार्टी की ओर से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। उक्त निर्वाचन में वे विजयी घोषित हुए थे।

श्री हरीदास द्वारा नामांकन पत्र में अपनी शैक्षिक योग्यता में गुरूकुल विश्वविद्यालय वृदांवन मथुरा दर्शित किया गया है। श्री हरिदास की शैक्षिक योग्यता के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर इस कार्यालय द्वारा गुरूकुल विश्वविद्यालय, वृंदावन मथुरा को इस कार्यालय के पत्र संख्या 2258 दिनांक 03 मार्च, 2012 के द्वारा स्थिति स्पष्ट किये जाने हेतु लिखा गया। उक्त पत्र के कम में कुलपति गुरूकुल विश्वविद्यालय, वृंदावन मथुरा द्वारा अपने पत्रांक प्रे0–578–12/प्रा0 583–12 दि0 28.03.2012 के द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री हरिदास की शैक्षिक छाया प्रतियों के सम्बन्ध में कोई भी अभिलेख संस्था में उपलब्ध नहीं हैं। इनके निर्गत होने का साक्ष्य भी नहीं है। अतः इस छाया प्रतियों का सत्यापन सम्भव नहीं है। प्रथम दृष्टया ये छाया प्रतियॉ संदिग्ध व फर्जी प्रतीत होती हैं (सुलभ हेतु उक्त पत्रों की छाया प्रतियॉ संलग्न हैं)।

इस सम्बन्ध में श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री यशपाल सिंह, निवासी ग्राम मखदूमपुर, डा0–खास परगना मंगलौर, तहसील–रूड़की, जिला हरिद्वार के प्रार्थना पत्र दिनांक 30.09.2013 जो इस कार्यालय को दिनांक 22.10.2013 को प्राप्त हुआ है तथा जिसमें उनके द्वारा श्री हरिदास की शैक्षिक योग्यता के सम्बन्ध में कुलपति, गुरूकुल विश्वविद्यालय, वृदांवन, मथुरा से चाही गई सूचना भी सम्मिलित है, की छाया प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध करना है कि उक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में मार्गदर्शन करने का कष्ट करें।

संलग्नक 1 प्रार्थना पत्र 32 पृष्ठ

भवदीय,

11/11/2013

कृते उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
हरिद्वार।

कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 1092/XXV–12 (1–5)/2008 देहरादून : दिनांक 04 अक्टूबर, 2016

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
जिला निर्वाचन कार्यालय,
टिहरी गढ़वाल, देहरादून, हरिद्वार, पिथौरागढ, नैनीताल, उधमसिंहनगर।

विषयः– सूचना के अधिकार के अर्न्तगत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्रों का हस्तान्तरण।

महोदय,

उपरोक्त विषयक Mr. Nilesh Ekka, Association for Democratic Reforms, Table No. 5, T-95A, CL House, First Floor, Near Gulmohar Commercial complex, Gautam Nagar, New Delhi-110049 के सूचना के अधिकार संबंधी प्रार्थना पत्र दिनांक 26 सितम्बर, 2016 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अर्न्तगत बिन्दु संख्या– 06 पर सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अर्न्तगत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,
(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

पृ0संख्या 1092/XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– Mr. Nilesh Ekka, Association for Democratic Reforms, Table No. 5, T-95A, CL House, First Floor, Near Gulmohar Commercial complex, Gautam Nagar, New Delhi-110049 को सूचनार्थ प्रेषित।

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

**Letter No. ADR05/ EW-Aff-U.K./260916/Sal**
**Date 26.09.2016**

To,
The Public Information Officer,
O/o Chief Electoral Officer,
4 Subhash Road,North Block,
Secretariat Dehradun Uttarkhand-248001

Dear Sir,
Sub: Application for Information under Section 6(1) of the Right to Information Act. 2005

Supreme Court's landmark Judgment on 13 March, 2003 requires disclosure of criminal, financial & educational backgrounds of candidates contesting election on self-sworn affidavits. Also, as per ECI order no.3/ER/2009/SDR dated 21st March 2009 & 3rd April 2009, all the affidavits should be made available online and also the affidavits must be properly scanned. Also, as per another ECI order no.3/ER/2011/SDR affidavits of all the candidates should be put on respective CEO's website within 24 hrs of nomination filing.

I request you to kindly provide me the information related to the affidavits submitted by the following Candidate(s) of **Uttarakhand Assembly Election 2012.** The copies of complete Election Affidavit of the below mentioned of Uttarakhand Assembly Election 2012 are not legible scanned properly on the CEO's & ECI website

| S.NO | DISTRICT | CONSTITUENCY NAME | CANDIDATE NAME | PARTY |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UDHAMSINGH NAGAR | KASHIPUR | Abdul Aziz Qureshi | SP |
| 2 | NAINITAL | HALDWANI | Bhuwan Chandra Joshi | LJP |
| 3 | | DHARCHULA | Dinesh Singh | UKPP |
| 4 | TEHRI GARHWAL | DEOPRAYAG | Diwakar Bhatt | BJP |
| 5 | NAINITAL | HALDWANI | Dr. Narayan Singh Pangtey | UKRM |
| 6 | NAINITAL | BHIMTAL | Ganesh Chandra | IND |
| 7 | PITHORAGARH | PITHORAGARH | Guljar Khan | IND |
| 8 | UDHAMSINGH NAGAR | GADARPUR | Jarnail Singh | IND |
| 9 | NAINITAL | HALDWANI | Kevlanand | BCP |
| 10 | | DHARCHULA | Khusal Singh | BJP |
| 11 | PIRANKALIYAR | PIRANKALIYAR | Lalit Kumar | UKD (P) |
| 12 | NAINITAL | RAMNAGAR | Liladhar | UKRM |
| 13 | NAINITAL | KALADHUNGI | Mahesh Sharma | IND |
| 14 | PITHORAGARH | PITHORAGARH | Mayukh Singh | INC |
| 15 | DEHRADUN | RAIPUR | Mohan Singh Rawat | IND |
| 16 | TEHRI GARHWAL | NARENDRANAGAR | Om Gopal Rawat | BJP |
| 17 | DEHRADUN | RAIPUR | Pankaj Chetri | IND |
| 18 | TEHRI GARHWAL | NARENDRANAGAR | Sanjay Kothiyal | UKD (P) |
| 19 | DEHRADUN | RAJPUR ROAD (SC) | Sanjeev Kumar | IND |
| 20 | DEHRADUN | RAIPUR | Shanti Prasad Bijalwan | IND |
| 21 | HARIDWAR | LAKSAR | Tahir Hasan | IND |
| 22 | DEHRADUN | RAIPUR | Trivendra Singh Rawat | BJP |
| 23 | DEHRADUN | RAJPUR ROAD (SC) | Vijay Kumar | RJKP |
| 24 | UDHAMSINGH NAGAR | GADARPUR | Vijay Singh | IND |
| 25 | HARIDWAR | PIRANKALIYAR | Yogesh | NCP |

कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001

फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 1180 /XXV–12 /2008 (P–3) देहरादून : दिनांक 21 अक्टूबर, 2016

सेवा में,

Balwinder Singh (RTI Activist),
H.No.-6, Gulmohar complex,
Dhakoli, Zirakpur-140603,
Distt.- S.A.S. Nagar, Punjab.

**विषयः–** **सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत चाही गयी सूचना के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके सूचना के अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित आवेदन पत्र संख्या– RTI/110/ELEC/UTTRANCHAL/2016/1018 दिनांक 01 अक्टूबर, 2016 के सन्दर्भ यह अवगत कराना है कि आपके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत वांछित सूचना निम्न प्रकार प्रेषित की जा रही हैः–

1. बिन्दु संख्या–01 – मे चाही गयी सूचना के संबध में अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड राज्य में स्टेट लेवल की कोई एजेन्सी नहीं है एवं निर्वाचन से संबंधित कम्प्यूटर का कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एन.आई.सी. के सहयोग से स्वयं विभाग द्वारा किया जा रहा है।
2. बिन्दु संख्या–02 चाही गयी सूचना के संबंध में अवगत कराना है कि वांछित सूचना से संबंधित जानकारी बिन्दु संख्या–01 के अनुसार निष्पादित है।
3. बिन्दु संख्या–03 चाही गयी सूचना के संबंध में अवगत कराना है वांछित सूचना से संबंधित जानकारी बिन्दु संख्या–01 के अनुसार निष्पादित है।
4. बिन्दु संख्या–04 चाही गयी सूचना के संबंध में अवगत कराना है वांछित सूचना संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

यदि आप उपरोक्त उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं से सन्तुष्ट न हों तो विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख निम्न पते पर अपील प्रस्तुत कर सकते हैंः–

**विभागीय अपीलीय अधिकारी एवं**
**अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड,**
**04–सुभाष रोड़,सचिवालय परिसर, देहरादून।**

कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी